**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरुवार के लिये निर्धारित श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-19 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 19 (क) क्या बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बतायेंगे कि जनपद-रायबरेली के विकास खण्ड दीनशाह गौरा परिसर में बाल विकास पुष्टाहार के कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है? | जनपद रायबरेली के विकास खण्ड दीनशाह गौरा में बाल विकास परियोजना कार्यालय सहगोदाम भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। |
| (ख) क्या विकास खण्ड कार्यालय परिसर में किसी अन्य विभाग का भी भवन बनाया जा सकता है? | शासनादेश संख्या-सा0-1345/38-2-2009-18बी/2008, दिनांक 30.01.2009 में यह उल्लेख किया गया है कि ग्राम्य विकास विभाग के नियंत्रणाधीन भूमि/कार्यालय/आवासीय परिसर में किसी अन्य विभाग के उपयोगार्थ भूमि आवंटन किया जाना उचित नहीं है। |
| (ग) यदि नहीं तो विकास खण्ड कार्यालय परिसर में बन रहे अन्य कार्यालय भवन को कार्यालय परिसर से बाहर बनवायेंगे? | विकास खण्ड दीनशाह गौरा, जनपद रायबरेली कार्यालय के परिसर में बन रहे बाल विकास परियोजना कार्यालय/गोदाम निर्माण के संबंध में ग्राम्य विकास आयुक्त कार्यालय के पत्र संख्या-2002/स्था0-2/2023, दिनांक 31.07.2023 द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिये जा चुके हैं। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**बेबी रानी मौर्य**
मंत्री।